THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

पाठ -1 ध्वनि

प्रश्न **1.** 'अभी न होगा मेरा अंत' यह किसका विश्वास है**?**

प्रश्न **2.** कवि के जीवन में अभी क्या भरा हुआ है**?**

प्रश्न **3.** कवि किनके आँखों से आलसपन को हटाकर उन्हें चुस्त व फुर्तीला बना देगा**?**

प्रश्न **4.** निम्नलिखित शब्दों का शब्दार्थ लिखिए- मृदुल, प्रत्यूष, गात, तंद्रालस।

प्रश्न **5.** 'ध्वनि' शीर्षक कविता में कवि पुष्पों को अनंत का द्वार क्यों दिखाना चाहता है**?**

प्रश्न **6.** 'नवजीवन का अमृत' से क्या अर्थ है**?**

प्रश्न **7.** कवि ने अपने जीवन की तुलना वसन्त से ही क्यों की है**?**

प्रश्न **8.** 'ध्वनि' शीर्षक कविता में किस आधार पर कवि अपने जीवन का अंत मानने को तैयार नहीं है**?**

प्रश्न **9.** "अभी न होगा मेरा अंत
अभी-अभी ही तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसंत **–**
अभी न होगा मेरा अंत।"
उपर्युक्त पंक्तियों द्वारा कवि क्या बताना चाहते है।
,
प्रश्न **10.** "पुष्प-पुष्प से तंद्रालस
लालसा खींच लूँगा मैं,
अपने नव जीवन का अमृत
सहर्ष सींच दूँगा मैं
द्वार दिखा दूँगा फिर उनको।
हैं मेरे वे जहाँ अनंत **–**
अभी न होगा मेरा अंत।"
उपर्युक्त पंक्तियों द्वारा कवि क्या बताना चाहते है।

प्रश्न **11.** वसंत ऋतु में आनेवाले त्योहारों के विषय में जानकारी एकत्र कीजिए और किसी एक त्योहार पर निबंध लिखिए।

प्रश्न **12.**वसंत को ऋतुराज क्यों कहा जाता है**?** चर्चा कीजिए।

प्रश्न **13.** कवि पुष्पों की तंद्रा और आलस्य दूर हटाने के लिए क्या करना चाहता है**?**

प्रश्न **14.** फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन-सा प्रयास करता है**?**

प्रश्न **15.** कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा**?**